जागरण

झारखंड के इस जिले में चल रही नकली अंग्रेजी शराब की दर्जनों मिनी फैक्ट्रियां, लोकसभा चुनाव के लिए स्टॉक जमा कर रहे धंधेबाज

जागरण संवाददाता, सरायकेला। आनेवाले लोकसभा चुनाव को लेकर शराब कारोबारी नकली शराब का स्टॉक करने में लगे हैं। क्योंकि चुनाव के दौरान शराब की खपत बढ़ जाती है। सूत्रों की मानें तो, इन नकली ब्रांडेड शराब को हाइवे के होटलों, ढाबा व कुछ स्थानों पर लाइसेंसी दुकानों में भी कर्मचारियों की मिली भगत से खपाई जा रही है।

जिले में निर्माण होने वाली नकली अंग्रेजी शराब बिना किसी मापदंड के कारोबारी तैयार कर रहे हैं, जो जानलेवा भी साबित हो सकती है।

Source: https://www.jagran.com/jharkhand/seraikela-mini-factories-of-fake-english-liquor-in-seraikela-of-jharkhand-businessmen-collecting-stock-for-lok-sabha-elections-23653290.html